डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस


सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 121 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 11 फरवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया




## लोकसभा चुनाव से पहले देश में लागू होगा सीएए-शाह



**नई दिल्ली, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को बड़ा बयान देते हुए कहा कि नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए 2024 लोकसभा चुनाव से पहले लागू होगा। चुनाव से पहले ही सीएए की अधिसूचना जारी हो जाएगी।

उन्होंने कहा, मैं साफ कर देना चाहता हूं कि सीएए किसी भी व्यक्ति की नागरिकता नहीं छीनेगा। इसका उद्देश्य केवल धार्मिक उत्पीडन का सामना कर रहे पाकिस्तानी, अफगानिस्तानी और बांग्लादेशी अल्पसंख्यकों को नागरिकता देना है। गृहमंत्री ने कहा कि बीजेपी का लक्ष्य 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य केवल आर्थिक विकास से ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, राष्ट्रीय सुरक्षा और सांस्कृतिक गौरव के माध्यम से भी प्राप्त किया जाएगा। अमित शाह ने आगामी चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दूरदर्शी एजेंडे को रेखांकित करते हुए अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, आजाद भारत में पहली बार यह पहला चुनाव होगा, जो मजबूत भविष्य को ध्यान में रखते हुए विकसित भारत-2047 के एजेंडे पर लड़ा जाएगा। मेरा मानना है कि अपने तीसरे कार्यकाल में हम एजेंडे के तहत और भी बहुत कुछ करने में सक्षम होंगे।

## ट्रक की टक्कर से बाईक सवार युवक की मौत

### सड़क पर शव रखकर किया चक्का जाम

**नीमच, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कैंट थाना क्षेत्र के ग्वालटोली व कलेक्टर कार्यालय चौराहा के बीच शुक्रवार रात एक सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में ट्रक की टक्कर से बाइक सवार 24 वर्षीय युवक छोटू यादव पिता मुरारी लाल यादव निवासी गांव सुवाखेडा तहसील जावद की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि, बाइक पर सवार 2 अन्य लोग घायल हो गए थे। वहीं ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया था।

शनिवार को मृतक छोटू के शव का जिला चिकित्सालय में परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम किया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मगर शव लेकर परिजन ग्वालटोली क्षेत्र स्थित घटनास्थल पर पहुंचे। ऐसे में पीडित परिवार को आर्थिक सहायता देने, फरार आरोपी ट्रक चालक को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई। चक्काजाम और विरोध प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और परिजनों से चर्चा कर समझाइश दी। प्रशासन ने शासकीय योजना के तहत पीडित परिवार की आर्थिक सहायता दिए जाने और आरोपी ट्रक ड्राइवर की जल्द गिरफ्तार करने का भरोसा दिया। जिसके बाद परिजनों ने चक्का जाम और विरोध प्रदर्शन समाप्त किया। शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए गांव के लिए रवाना हुए।

# योजना के नाम पर लाड़ली बहना के साथ छलावा

## वादा करने वाले लूप लाईन में, दम तोड़ रही आस

**मंदसौर, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** लाडली बहना के साथ छलावा किया गया। यहां बात कर रहे हैं लाडली बहना आवास योजना की। सितंबर में लाडली बहना आवास योजना की शुरुआत हुई। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने लाडली बहना को प्रतिमाह रुपए देने के साथ ही आवास का भी वादा किया। शासन के आदेश के बाद पंचायतों ने आवेदन तो ले लिए। लेकिन, इसके बाद आगे योजना को कोई गति नही मिली। अब स्थिति यह है कि लाडली बहना से वादा करने वाले पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान फिलहाल लूप लाईन जैसी स्थिति में है। इधर नगरीय निकायों की स्थिति देखकर सरकार की आर्थिक स्थिति का पता आसानी से लगाया जा सकता है। महिलाओं का मानना है कि सरकार चुनाव बाद इस घोषणा को भूल चुकी है।

मंदसौर जिले में 69 हजार 747 महिलाओं ने इस योजना में आवेदन दिया था। ये आवेदन उन महिलाओं ने दिया था, जो आवासहीन महिलाएं है व स्वयं के मकान के लिए चक्कर काट रही है। लाड़ली बहना आवास योजना विधानसभा चुनाव के बाद अब खटाई पड़ती नजर आ रही है। मंदसौर सहित संभाग में जिन आवासहीन महिलाओं ने पंचायत से लेकर निकाय के माध्यम से आवेदन किए थे, उनकी उम्मीद भी अब दम तोड़ती नजर आ रही है। योजना को लेकर जिला पंचायत के अधिकारियों का कहना है कि शासन स्तर से फिलहाल कोई आदेश नहीं आया है। आवेदनों की जांच के लिए कमेटी तक गठित नहीं हुई है। अभी तक यह तय नहीं किया गया है कि हितग्राहियों को सरकार किस तरह मकान बनाने के लिए राशि जारी करेंगी।

### पहली बार मिले इतने आवेदन...

जनपद व जिला पंचायत के अधिकारियों के अनुसार मंदसौर जिले से कुल 69 हजार 747 महिलाओं ने आवेदन किए। इतनी बड़ी तादात में पहली बार आवास के लिए आवेदन प्राप्त हुए है। इन आवेदन की छटनी की व पात्र 69 हजार 20 को माना गया। लेकिन, अब योजना की गतिविधि सुस्त पड़ गई है, उससे अब आवासहीन महिलाओं की उम्मीद भी समाप्त होने लगी है।

### 69 हजार लाड़ली बहना को छत का इंतजार

### अक्टूबर तक भरे थे आवेदन...

इस योजना में उन महिलाओं को आवास मिलना है, जो अंचल में रहती है व स्वयं के पास कोई आवास नहीं है। पंचायतों में ही लाडली आवास योजना का लाभ महिलाओं को दिया जाना है। इसके लिए योजना की शुरूआत 17 सितंबर को हुई व 5 अक्टूबर तक आवेदन लिए।




**यह है संभाग की स्थिति**

**फैक्ट फाइल**

| जिला | आवेदन आए | पात्र पाया |
|---|---|---|
| रतलाम | 88925 | 85935 |
| मंदसौर | 69747 | 69020 |
| नीमच | 86795 | 81291 |
| उज्जैन | 100081 | 94350 |
| शाजापुर | 103272 | 102500 |
| देवास | 166078 | 161963 |
| आगर मालवा | 44550 | 43489 |

## ठंड का असर बरकरार

**मंदसौर, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** अंचल में ठंड का असर बरकरार है। अगले तीन चार दिन मौसम इसी तरह बदला हुआ रहेगा। इस दौरान बादल छाए रहेंगे। कहीं-कहीं गरज चमक के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। ऐसा सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ के चलते होगा। शनिवार को मौसम ठंडा रहा, न्यूनतम तापमान 10 डिग्री और अधिकतम तापमान 23 डिग्री के आसपास रहा। आज भी ऐसा ही तापमान रहेगा।

मौसम जानकारों के अनुसार वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते शनिवार रात से मौसम में बदलाव आना शुरू होगा। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह के अनुसार अगले 24 घंटे उत्तरी हवाएं चलेंगी। इसके बाद हवाएं पूर्वी होंगी। बंगाल की खाड़ी से नमी आना शुरू हो जाएगी। इस कारण प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। जिले में बारिश की संभावना नहीं बन रही है, लेकिन हल्के बादल छाए रहेंगे।

# बाबू सिंधी की अवैध सल्तनत पर प्रशासन की पैनी नजर

## फार्म हाउस से की शुरुआत जेसीबी से किया जमींदोज





### राकेश अरोरा भी साजिश में शामिल!

**मंदसौर/नीमच, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** समाजसेवी अशोक अरोरा गंगानगर पर हुए हमले के मामले में उनका छोटा भाई राकेश अरोरा भी शामिल था। जिसको पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इधर बाबू सिंधी की अवैध सल्तनत अब पुलिस प्रशासन के निशाने पर है। इसको ढहाने की शुरुआत भी शनिवार से हो गई। इसका श्री गणेश बाबू के फार्म हाउस से किया गया। नीमच बरखेडा फंटा फोरलेन पर स्थित बाबू सिंधी के फार्म हाउस पर सरकारी जेसीबी चलाकर जमींदोज कर दिया गया। पुलिस और प्रशासन का अमला शनिवार सुबह बाबू सिंधी के इस फार्म हाउस पर संसाधनों से लेस होकर पहुंचा। कुछ ही देर में बाबू के फार्म हाउस को धराशाही किया गया।

### राकेश को भी गिरफ्तार किया, रिमांड में उगलेगा कहानियां...

पुलिस रिमांड के दौरान बाबू सिंधी ने इस सनसनीखेज प्राण घातक हमले के साजिश में राकेश अरोरा के शामिल होने की बात बताई। जिस पर पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य के आधार पर राकेश को हिरासत में लिया। बताया जा रहा हैं कि हिरासत में पूछताछ करने पर राकेश ने इस बात को स्वीकार किया है कि वह भी इस मामले में शामिल था। जिस पर सिटी पुलिस ने कारोबारी अशोक अरोरा के छोटे भाई राकेश अरोरा को गिरफ्तार कर लिया है। राकेश अरोरा पर धारा 307 और 120 बी के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि इस मामले में पुलिस ने यह तीसरी गिरफ्तारी की है। उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से 12 फरवरी तक पुलिस रिमांड पर दिया गया है। अब पुलिस उससे विस्तृत पूछताछ कर रही है।

### सुबह-सुबह फार्म हाउस पहुंचे अधिकारी...

नीमच जिला प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए शनिवार सुबह नीमच बायपास स्थित बरखेड़ा फंटे पर बने तस्कर जय कुमार सबनानी उर्फ बाबू सिंधी के फार्म हाउस पर सरकारी जेसीबी चलाकर ध्वस्त कर दिया। अवैध धंधों के जरिए और काली कमाई से बनाए, इस फार्म हाउस को प्रशासन की टीम ने दो जेसीबी से जमींदोज कर दिया। कार्रवाई के दौरान नीमच एसडीम ममता खेडे, सीएसपी अभिषेक रंजन, तहसीलदार संजीव मालवीय, प्रेम शंकर पटेल, कैंट थाना प्रभारी सौरभ शर्मा, धर्मेंद्र गौड़ सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे। शुक्रवार शाम को उज्जैन रेंज के आईजी संतोष कुमार सिंह नीमच पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने पुलिस को प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक भी की थी। संभावना व्यक्त की जा रही है कि इसी दौरान यह निर्णय भी लिया गया होगा कि अपराधियों के अवैध निर्माण को गिराया जाए।

### अय्याशी के काम आता था फार्म हाउस...

बाबू सिंधी द्वारा काली कमाई से बनाए गए फार्म हाउस पर सभी तरह के एशो आराम की सुख सुविधाएं मौजूद थीं। बताया जा रहा है कि बाबू इसका उपयोग पार्टियों और अय्याशी के लिए करता था। फार्म हाउस में स्विमिंग पूल और कृत्रिम झरने बनाए गए थे। यहां हाईटिक म्यूजिक सिस्टम के साथ लग्जरी रूम में सोफे और लग्जरी बेड लगाए गए थे। करोड़ों रुपए की लागत से बने इस फार्म हाउस को बिना परमिशन के बनाया गया था। जिस पर प्रशासन ने यह कार्रवाई की।

### कई ठिकाने पुलिस के निशाने पर...

चर्चा है कि डॉन बनने की चाह में बाबु ने कहीं न कहीं गलत जगह हाथ डाल दिया। अशोक अरोरा पर हमले के बाद बाबू के गृह नक्षत्र उसके दुश्मन बनते नजर आ रहे हैं। अब फार्म हाउस के बाद अन्य ठिए भी पुलिस के निशाने पर बताए जा रहे हैं। उज्जैन रेंज आईजी संतोषकुमार सिंह के निर्देश के बाद पुलिस ने इसकी शुरुआत फार्म हाउस से की है। इधर स्कीम नंबर 36 नीमच में भी बाबू सिंधी का अवैध मकान बना हुआ है। पूर्व में नोटिस भी दिया था, लेकिन तत्कालीन अधिकारियों ने कार्रवाई नहीं की। अब माना जा रहा है कि कई अवैध ठिकानो पर प्रशासन की जेसीबी चल सकती है।

### भू माफियाओं से कनेक्शन...

सूत्र बताते है कि नीमच और मंदसौर में बाबू सिंधी की ब्लैक मनी भू माफियाओं के जरिए अलग-अलग हिसाब से लगी हुई है। पूछताछ के दौरान ऐसे लोग जो बाबू के पाइप लाइन में थे, वो भी पुलिस के रडार पर आएगी। मंदसौर का एक जमीनी व्यवसाई बाबू से कनेक्शन को लेकर पहले से ही चर्चित हो चुका है। पूरे प्रकरण में बाबू सिंधी द्वारा किए गए हमले, फरारी, फिर गिरफ्तारी और उसके बाद पूछताछ में मौजूदा स्थिति में जो हकीकत सामने आ रही है वह थोड़े से हेर फेर के साथ 'सरकार' पिक्चर से मिलती जुलती लगती है। समाजसेवी अशोक अरोरा की अपनी अलग ही सल्तनत है, जिसे चैलेंज करने के बाद बाबू सिंधी की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है।

### करोड़ों की सुपारी...

मुख्य आरोपी बाबू सिंधी पुलिस की रिमांड पर है। हमले के पिछे एक दर्जन आरोपियों के होने की जानकारी पुलिस को मिल रही है। सूत्रों के अनुसार शूटर को 5 करोड़ रूपए में सुपारी देने की बात भी सामने आ रही है। इसमें 3 करोड़ देने वाले आरोपी का नाम पुलिस को मिल गया है। फिलहाल अधिकृत रूप से इस मामले में जांच पड़ताल के बाद ही खुलासा होगा।

### इनका कहना...

अशोक अरोरा पर हमले के मामले में राकेश अरोरा को गिरफ्तार किया गया है। बाबू सिंधी से पूछताछ में उसके बयान और तकनीकी साक्ष्य, मोबाइल लोकेशन के आधार पर राकेश को हिरासत में लिया। इसके बाद पूछताछ की गई तो उसने बाबू सिंधी से मिलना स्वीकार किया है। आगे पुलिस और जाँच में जुटी हुई है।

**नवलसिंह सिसौदिया**
**एएसपी, नीमच**

बिना अनुमति के निर्माण किया गया था। एसपी को एक प्रतिवेदन प्राप्त हुआ थाद्ध जिसमें इस जगह को अपराधियों की शरण स्थली के रूप में प्रयोग किया जा रहा था। इस पर इसे तोड़ने की कार्रवाई की गई। यहां छोटा स्विमिंग पूल व अंदर कई कमरे बनाए गए थे, जो पार्टी और रुकने के हिसाब से बने हुए थे। अन्य अवैध निर्माण का इन्वेस्टिगेशन चल रहा है। जैसे-जैसे इन्वेस्टिगेशन होगा वैसे आगे कार्रवाई की जाएगी।

**ममता खेड़े, एसडीएम, नीमच**


## धारा 144 के उल्लंघन पर 2 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज, वाहन सहित डीजे साउंड जप्त



**भानपुरा, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला दंडाधिकारी मंदसौर द्वारा 10वी, 12वी बोर्डपरीक्षा के दौरान सम्पूर्ण जिले में धारा 144 लागू कर लाउडस्पीकर और ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध लगाया गया है। जिससे पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को अनुकूल वातावरण प्रदाय किया जा सके। 09फरवरी की रात्री 11 बजे पुलिस चौकी भेसोदा मंडी पर ग्रामीणों द्वारा सूचना दी कि 02 डीजे वाहन चालकों द्वारा अत्यधिक तेज आवाज में डीजे बजाए जा रहे है जिससे पढ़ाई करने वाले बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो वाहन क्रमांक आरहे 17 जीए 8292 और आरजे 02 जीबी 6617 के वाहन चालकों द्वारा रात्री 11 बजे नियमो के विरूद्ध तेज आवाज़ में डीजे बजाए जा रहे थे। जिस पर से आरोपी गोविंद पिता धीरज सोंधिया राजपूत उम्र 25 साल निवासी निपानिया उदा थाना भवानी मंडी और मनीष पिता जीवन नट उम्र 25 साल निवासी मांडवी थाना भवानी मंडी के विरूद्ध धारा 188 आईपीसी, मध्य प्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धारा 15 के तहत कार्यवाही कर दोनों डीजे वाहनों और डीजे सामग्री को जप्त किया गया।


## डिवाइडर से टकराई बाइक, 1 की मौत, 2 घायल



**पिपलियामंडी, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल भर्ती कराया। तीनों सांवलियाजी से दर्शन कर वापस आ रहे थे। जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर फोरलेन पर कोठारी पंप के निकट बाइक (एमपी 13 ई जेड 5523) पर सवार तीन युवक संतुलन बिगड़ने से डिवाइडर से टकरा गए। जिसमें कानाखेडी (महिदपुर) निवासी पप्पूलाल (35) पिता भेरुसिंह की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कानाखेड़ी (महिदपुर) निवासी रामचन्द्र (30) पिता मांगीलाल पांचाल व झरखेड़ी (महिदपुर) निवासी जीवन (45) पिता रतनलाल घायल हो गए। सूचना पर टोल प्लाजा व 108 एबूलेंस पहुंची, घायलों को मंदसौर उपचार के लिए व मृतक को पीएम के लिए भिजवाया।

# राजनीतिक दलों और कार्यकर्ताओं के लिए अब लक्ष्य सिर्फ लोकसभा चुनाव...

**मंदसौर/उज्जैन, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** राज्यों के विधानसभा चुनाव लगभग हो ही गए है। देशभर की निगाहें अब 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों की तैयारी और प्रत्याशी के नाम को तलाश रही है। जावरा-मंदसौर-नीमच संसदीय क्षेत्र पर लगातार आए नतीजे के कारण वर्तमान में भाजपा का पलड़ा भारी नजर आता है। जनसंघ के जमाने से केंद्र में कांग्रेस की सरकार रहते हुए भी इस क्षेत्र के जनमत पर कांग्रेस के प्रति नकारात्मक वातावरण हावी रहता आया है और आज भी है। जीत हार के मामले में सबसे प्रमुख साक्ष्य और निर्णायक जनमत है, जिसे निर्णय के पहले तक गोपनीय रखा जाता है। यह शासन तंत्र की प्रक्रिया है। जबकि, जनमत अपने नुक्कड़ वार्तालाप से लेकर सार्वजनिक स्तर पर भी जिस दल के प्रत्याशी को पसंद करते हैं, सार्वजनिक करते रहते हैं। ऐसे ही मजबूत दृश्य समीक्षकों के विचार तय करते हैं कि जनमत किस दल के प्रत्याशी को सांसद या विधायक बनवाएंगे।



चन्द्रमोहन भगत

जावरा मंदसौर नीमच संसदीय क्षेत्र से बीते समय दो बार से भाजपा के सुधीर गुप्ता सांसद चुनते आए हैं। भाजपा हाई कमान जिस सोच को प्रतिस्थापित करता आ रहा है कि किसी भी हालत में सरकार बनना चाहिए, फिर चाहे विधानसभा हो या लोकसभा चुनाव। इसी सोच से बिहार कब्जाने का ताजा उदाहरण है। और अन्य राज्यों और वर्गों के जनमत को भी इसी सोच के चलते अपने पक्ष में करने के लिए उनके वर्ग के दिवंगत नेताओं को भी जल्दबाजी में भारत रत्न ऐसे दिया जा रहा है, जैसे 15 अगस्त 26 जनवरी को थोक में पदक बांटे जाते हैं। किसानों को ललचाने के लिए चौधरी चरण सिंह और स्वामीनाथन के साथ-साथ दक्षिण के जनमत को रिझाने के लिए कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव को भी भारत रत्न देने की घोषणा की जा चुकी है।

भाजपा हाई कमान ने अपना विजन और योजना संगठन पदाधिकारी के हवाले कर दिया है। बाकी रहा सिर्फ प्रत्याशियों का चयन तो हाई कमान ने अपनी योजना और जीत को हासिल करने का जो विजन तय किया है उस अनुसार अब जो भी वर्तमान में सांसद है। वही, फिर से प्रत्याशी बनेंगे ही ऐसा दावा करना हाई कमान के इरादों के सामने मुमकिन नहीं है। सभी वर्तमान प्रत्याशी बदले जाएंगे, ऐसा भी मुमकिन नहीं है। पर, यह लगभग तय माना जा रहा है कि दो बार वाले सांसदों को तीसरी बार प्रत्याशी बनाने की बजाय भाजपा में किसी नए कार्यकर्ता को प्रत्याशी बनाकर जीत की संभावना को निश्चित किया जाना ज्यादा आसान है। भाजपा ने ऐसे प्रयोग अनेक बार कर लिए हैं और नतीजे भी बेहतर पाए हैं। उज्जैन आलोट संसदीय सीट से पूर्व सांसद चिंतामणि मालवीय को बदलकर अनिल फिरोजिया को प्रत्याशी बनाया था, वह हारे हुए विधायक थे पर बदलाव के कारण सांसद चुने गए। इंदौर में भी ताई सुमित्रा महाजन लगातार जीत रही थी, बावजूद शंकर लालवानी को नया प्रत्याशी बनाया, वह भी आज सांसद हैं। वैसे ही हालात और भाजपा हाई कमान का नया विजन भावी लोकसभा चुनाव में जावरा- मंदसौर- नीमच से प्रत्याशी बदलने की संभावना को प्रबल बना रहा है।

जिला भाजपा की परिस्थितियों में भी वर्तमान सांसद की टीम के प्रभुत्व के कारण आंतरिक वैमनस्य बढ़ता हुआ नजर आ रहा है। सूत्रों पर भरोसा करें तो सांसद सुधीर गुप्ता के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत से ही उनके करीबियों ने कार्यकर्ता रहने की बजाय अपना प्रभुत्व स्थापित करना शुरू कर दिया था। जबकि, भाजपा संगठन में इस तरह की कार्य प्रणाली को सहज स्वीकारोक्ति नहीं मिलती है। इसी कारण जिला मुख्यालय होने के चलते भाजपाईयों में ही प्रभुत्व की प्रतिस्पर्धा होती रही थी। इसी कारण भाजपा का जन आधार घटा और विधानसभा सीट कांग्रेस के नए प्रत्याशी ने हथिया ली। राजनीति में यह आम दृश्य है कि लगातार सत्ता में रहने के कारण व्यक्ति प्रभुत्व स्थापित कर स्वयंभू हो जाता है, दल और कार्यकर्ता गौण। इसलिए भी और सरकार बनाने का बहुमत पाने के लिए नए नामो को प्रत्याशी बनाने की कवायद आज समय की जरूरत बन चुकी है।

## दस लाख के मोबाईल ढूंढकर सौंपे मालिकों को



**मंदसौर, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस की सायबर टीम के द्वारा लगभग तीन माह में संचालित विशेष अभियान के अंतर्गत कुल 60 मोबाईल फोन दस्तयाब कर उनके वास्तविक स्वामी को हस्तांतरित किये गए। मंदसौर पुलिस की सायबर टीम के द्वार गुम हो चुके 60 मोबाईल फोन की पतारसी कर सफलता प्राप्त की। पुलिस कंट्रोल रूम मंदसौर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंदसौर गौतम सोंलंकी द्वारा उनके वास्तविक स्वामी को सुर्पुद किये गये।




# मंदसौर मेवरिक्स एवं मंदसौर स्ट्राईकर्स ने जीते मैच

## 78 रन की धुआंधार पारी खेलने वाले शिवम शर्मा व 4 विकेट लेने वाले अंकित चौधरी रहे मैन ऑफ द मैच

**मंदसौर, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** गनेड़ीवाल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित वात्सल्य प्रीमियर लीग-2 का खिताब जीतने के लिये टूर्नामेंट में भाग ले रही टीमें कड़ी मेहनत कर रही है। खिलाड़ी अपने बेहतर खेल का प्रदर्शन कर रहे है। बड़ी संख्या में दर्शक भी नूतन स्टेडियम में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर रहे है। टूर्नामेंट के आठवें दिन पहले बॉलिंग करने वाली मंदसौर मेवरिक्स एवं मंदसौर स्ट्राईकर्स की टीम ने अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की। दोनों टीमों ने 2 बॉल शेष रहते ही अपने-अपने जीत को लक्ष्य को प्राप्त किया।

टूर्नामेंट के आठवें दिन हुए पहले मैच में सफल वॉरियर्स एवं मंदसौर मेवरिक्स के बीच खेला गया। सफल वारियर्स ने निर्धारित 15 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 190 रन बनाये। जिसमें विजन पांचाल ने 24 गेंद में 53 रन (7 चौके 3 छक्के), पंकिया ने 26 गेंद पर 44 रन (4 चौके 2 छक्के), सौरभ धारीवाल ने 21 गेंद पर 60 रन (1 चौका 8 छक्के) बनाये। मंदसौर मेवरिक्स के यश पाटीदार ने 2 विकेट लिये। जवाब में मंदसौर मेवरिक्स ने 14.4 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 192 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। जिसमें तेजस्वी ने 14 गेंद पर 37 रन (14 चौके, 4 छक्के), शिवम शर्मा ने नाबाद 33 रन पर 78 रन (2 चौके 2 छक्के), विशाल गोदारा ने 11 गेंद पर 26 रन (1 चौका 3 छक्के), शुभम गढ़वाल ने 20 गेंद पर 31 रन (1 चौका 3 छक्का) बनाये। सफल वारियर्स के सुबोध भाटी एवं विजय पांचाल ने 2-2 विकेट लिये। मंदसौर मेवरिक्स ने 3 विकेट से मैच जीता। मैन ऑफ द मैच शिवम शर्मा रहे। दूसरा मैच मंदसौर इंडियन एवं मंदसौर स्ट्राईकर्स के बीच हुआ। जिसमें मंदसौर इंडियन ने पहले खेलते हुए 15 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 141 रन बनाये। सुजीत नायक 23 गेंद पर 46 रन (8 चौके 1 छक्का), मयंक रावत 20 गेंद पर 36 रन (4 चौके 2 छक्के), इकास दोबल ने 15 गेंद पर 22 रन (1 चौका 1 छक्का) बनाये। मंदसौर स्ट्राईकर्स के बॉलर अंकित चौधरी ने 4 विकेट, रूद्राक्षसिंह ने 3 विकेट चटकाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए मंदसौर स्ट्राईकर्स ने 14.4 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 152 रन बनाकर जीत दर्ज की। कप्तान पोनी अलावत ने 24 गेंद पर 48 रन (5 चौके 3 छक्के), आशीष नाबाद रहते हुए 25 गेंद पर 38 रन (3 चौके 2 छक्के), अंकित चौधरी नाबाद रहते हुए 14 गेंद पर 22 रन (2 चौका 1 छक्का) बनाये। मंदसौर स्टाईकर्स ने 5 विकेट से मैच जीता। आलराउंडर प्रदर्शन करने वाले अंकित चौधरी को मैन ऑफ द मैच दिया गया।

### हिंदू जागरण मंच मालवा प्रांत ने अपराधों पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर...

# मुख्यमंत्री के नाम पुलिस कप्तान को सौंपा ज्ञापन



**नीमच, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** हिंदू जागरण मंच मालवा प्रांत संगठन पदाधिकारीयों ने शनिवार दोपहर 1बजे कैंट थाना कार्यालय पहुंचकर मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम नीमच जिले में विधर्मियों द्वारा शांत फिजा को बिगाड़ने के उद्देश्य से होने वाले विभिन्न अपराधों भूमि अतिक्रमण, लव जिहाद, मादक पदार्थों कीं तस्करी एवं अन्य गंभीर अपराधों को रोकने की मांग को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी को ज्ञापन सोपा ।हिन्दू जागरण मंच नीमच के पदाधिकारीयों ने हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन के माध्यम से बताया कि नीमच जिला राजस्थान सीमा से लगा हुआ होकर अति संवेदनशील जिला है, तथा विधर्मीयों द्वारा नीमच जिले के सीमा के अन्तर्गत कई शासकीय भूमियों पर विधर्मीयों द्वारा अवैध अतिक्रमण कर बस्तीयों का निर्माण एवं अवैध दरगाहों का निर्माण कर लिया गया है, जिसके अन्तर्गत अतिसंवेदनशील क्षेत्र सेन्ट्रल स्कूल के सामने, दरगाह निर्मित कर वहां पर अवैध कब्जा कर मकान, आदि बनाकर विधर्मीयों द्वारा निवास किया जा रहा है तथा दशहरा मैदान के सामने, सी.पी.डब्ल्यूडी विभाग के भवन की भूमि में भी अवैध दरगाह निर्मित है तथा कुछ समय वहां पर जमगठ लगाकर वहां पर रास्ते को अतिक्रमण करने का प्रयास किया जा रहा है, इसी तरह से उत्कृष्ट विद्यालय की शासकीय भूमि पर भी अवैध दरगाह निर्मित है, तथा बघाना क्षेत्र में फोर जीरो के पास में, अवैध रूप से भूमि को अतिकमण कर बस्ती बस गयी है, तथा उन बस्तीयों में हो सकता है कुछ रोहिंग्या और बांग्लादेशी भी निवास कर रहे हो, जो कि नीमच के शांत वातावरण को कभी भी दुषित कर सकते हैं, तथा उनके द्वारा मादक पदार्थो की तस्करी जैसे अवैधानिक कृत्यों में संलिप्त होना स्वभाविक हो सकती है, इसी तरह से विधर्मीयों द्वारा हिन्दु समाज की भोली भाली बेटियों को लवजिहाद में फंसाने का प्रयास भी निरंतर किया जा रहा है। इसी प्रकार के शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर सम्पूर्ण जिले से हिन्दु जागरण मंच के पास, आम आदमीयों द्वारा मौखिक रूप से शिकायतें की गयी है जिसक लिए स्थानीय विभाग में लिखित रूप में शिकायतें भी की गयी है तथा हल्दवानी में भी जो घटनाकम सामने आया है, तथा पूर्व में भी दिल्ली में दंगे हुए थे, उनमें भी यह नजर आया है कि विधर्मीयों द्वारा अपने घरो पर पत्थर एवं पेट्रोल बम का दंगो में इस्तेमाल कर आमजनो की जानमाल को नुकसान पहुंचाया है, इस कारण से आवश्यक है कि समस्त पेट्रोल पम्पो से बोतलो से पेट्रोल विक्रय करने पर प्रतिबंध लगाने तथा अवैध बस्तीयों में सर्च कर अवैधानिक गतिविधीयों संलिप्त आपराधियों के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की करने, इसी तरह नीमच नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी अशोकजी अरोरा पर 4 फरवरी2024 को विर्घमीयों द्वारा षडयंत्र कर उन्हें जान से मारने के उददेश्य से जानलेवा हमला किया गया था, उसमें भी हमला विधर्मी द्वारा ही किया गया है जिसकी गंभीरता से जांच कर अन्य लोगो को भी गिरफतार किया जाना आवश्यक है तथा भविष्य में इस तरह की अवेधानिक गतिविधीयों को विधर्मीयों द्वारा अंजाम न दिया जा सके इसकी रोकथाम के लिए प्रशासन आपस में समन्वय बनाकर कार्य करे तथा अवैध भूमि अतिक्रमण, मादक पदार्थ की तस्करी, लवजिहाद, जैसे मामलों पर रोकथाम के लिए सजगता से कार्य कर संलिप्त अपराधीयों के विरूद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही करने, नीमच नगर में विधर्मीयो द्वारा की जा रही अवैधानिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाने एवं समाजसेवी अशोक अरोरा के उपर हुए जानलेवा हमले में लिप्त आपराधियों को जल्द से जल्द गिरफतार कर कठोर से कठोर कार्यवाही करने की मांग की है।ज्ञापन की प्रतिलिपीदेश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मध्य प्रदेश शासन के गृहमंत्री को भी कार्रवाई के लिए प्रेषित की गई। ज्ञापन सौंपते समय भेरूलाल टाक प्रांत संयोजक, अजय सिंह कछावा नीमच जिला संयोजक अजय श्रीवास्तव जिला सह संयोजक संजय गौहर, जिला कार्यकारिणी अनिल कुशवाह, जिला कार्यकारिणी श्रीमती पूजा यादव, जिला कार्यकारिणी रानु अटल जिला सह संयोजक हिन्दू जागरण मंच जिला नीमच उपस्थित थे।



# एफएलएन अभियान नींव की मजबूती का-कलेक्टर

**नीमच, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार 9 फरवरी 2024 सभी प्राथमिक शालाओ (बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान) में बहुत उत्साह से FLN मेले के द्वितीय चरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर श्री दिनेश जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गुरु प्रसाद ने जावद के नयागांव में मेले का निरीक्षण कर बचो तथा शाला परिवार की हौसला अफजाई की। इस मौके पर जिले से डिप्टी कलेक्टर सुश्री किरण आंजना, सुश्री मयूरी जौक, निपुण प्रोफेशनल अर्पिता शर्मा व बीआरसी जावद भी उपस्थित रहे। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर आंजना, मयूरी जौक व निपुण प्रोफेशनल ने कनावटी का भी औचक निरीक्षण किया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री सी के शर्मा ने नीमच नगर के शालाओं में परीक्षा तथा ऋडछ मेले में बचो की भागीदारी देखी।

बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए बौद्धिक विकास, शारीरिक विकास, भाषा विकास, गणित का कोना तथा बच्चों का कोना सहित पाँच स्टॉल लगाए गए। मेले में शिक्षको, बच्चों व अभिभावकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। मनासा के पिपलिया हाड़ी तथा अन्य कई शालाओं में बचो के साथ साथ माताओं ने भी रस्सी कूद स्वयं कर बचो की मदद की। सभी शालाओं में उत्साह का माहौल रहा। जिन शालाओं में परीक्षा केंद्र था वहां 12:00 बजे पश्चात मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्देश्य बचो के सीखने में सहयोग के शिक्षा में समुदाय की भागीदारी बढ़ाना है। अभिभावकों को पत्रिका से आमंत्रित करते हुए, उनके स्वागत हेतु तिलक लगाकर स्वागत किया गया। मेले हेतु सभी शालाओ में मोहल्लावार अभिभावक समूह निर्माण किए गए। इसमे समुदाय से सदस्य या विद्यालय के बड़े बचों के सहयोग से आयोजन किया गया। इस मेले की विशिष्ट बात यह है कि मेले हेतु ऐसी सामग्री का उपयोग किया जाता है, जो बचे के परिवेश में आसानी से उपलब्ध हो। इसमें बचे ने अपने अभिभावकों के साथ स्टॉल पर गतिविधि में भाग लिया। मेले के अंत में अभिभावकों की उपस्थिति में बचे को कार्ड वितरण किए गए।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समाधान आपके द्वार शिविर का आयोजन 24 को

**मंदसौर, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर श्री हर्ष सिंह बहरावत ने बताया कि 24 फरवरी 2024 को समाधान आपके द्वार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वैकल्पिक विवाद समाधान की इस योजना के पीछे यह संकल्पना आधारभूत है कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले ग्रामीण जन के मध्य विद्यमान विवादों को उनके द्वारा पर जाकर ही निपटाया जाए।

इस योजना में जन सामान्य के अपराधिक, राजस्व, वन ,विद्युत, नगर पालिका एवं न्यायालीन प्रकरणों को आपसी समझौते के माध्यम से एक ही मंच एवम तिथि पर निराकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस शिविर में विद्युत विभाग के निम्नदाब कनेक्शन प्रदाय किया जाना, मीटर बंद या खराब होना, कनेक्शन विच्छेद, विद्युत चोरी एवं बकाया बिल की राशि वसूली जैसे प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। राजस्व विभाग की फसल हानि के लिये आर्थिक सहायता, कुंए या नलकूल नष्ट होने पर दी जाने वाली सहायता, बंटवारा/तरमीम/अक्स नक्शा, भूमि सीमांकन, सीमाकन विवाद का निपटारा, नामांतरण, उत्तराधिकर जैसे प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। इसके अतिरिक्त भारतीय दंड संहिता, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम , मोटर यान अधिनियम, परक्रम्य लिखत अधिनियम , मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम तथा वन विभाग के शमनीय प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। इसके अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति अपने मोबाइल अथवा कंप्यूटर के माध्यम से MPSLSA की वेबसाइट (www.mpslsa.gov.in) पर जाकर समाधान आपके द्वार कॉलम पर क्लिक कर मांगी गई जानकारी भरकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। अपने प्रकरण के संबंध में संबंधित विभाग से संपर्क किया जा सकता है।



# डाइट मंदसौर की बालिका टीम बनी राज्य स्तरीय वालीबाल स्पर्धा में विजेता

**मंदसौर, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के मार्गदर्शन में राज्य के डी.एल.एड. के छात्राध्यापकों हेतु डाइट खंडवा में 8 व 9 फरवरी 2024 को आयोजित राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में डाइट मंदसौर की बालिका वॉलीबॉल टीम ने फाइनल मैच में पन्ना जोन की टीम को हराकर राज्य स्तरीय विजेता रही। ज्ञात रहे कि उक्त टीम विगत दिनों देवास में आयोजित जोन स्तरीय प्रतियोगिता में भी विजेता रही थी। उक्त टीम का नेतृत्व संस्थान के व्याख्याता श्री आर.डी. जोशी एवं श्रीमती कमलेश बंधवार ने किया। डाइट प्राचार्य डॉ. दिलीपसिंह राठौर एवं स्टाफ ने इस महती सफलता पर बालिका टीम एवं अन्य सभी सहभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित कर बधाई दी। उल्लेखनीय है कि राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के संचालक श्री धनराजू एस के द्वारा विगत वर्ष से शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों के छात्राध्यापकों के लिये उक्त खेल एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं के आयोजन की अभिनव शुरूआत की गई थी जो सभी स्तर पर सराही जा रही है एवं यह प्रतियोगिताएं आने वाले समय में संस्थान में अध्ययनरत छात्राध्यापकों के सामर्थ्य, संकल्प, आत्मसम्मान को बढ़ाने में मददगार साबित होगी।

# पं. उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में आज मनाई जाएगी

**मंदसौर, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एंव संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के निर्देशानुसार तथा भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया के नेतृत्व में जिले के सभी 18 मंडलों में समाहित 1133 बूथों पर पं.दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई जायेगी। प्रत्येक पदाधिकारी एंव कार्यकर्ता इस दिन अपनी निधि का समर्पण संगठन कार्य हेतु करेगा। समर्पण निधि कार्ययोजना को पूर्णता देने हेतु भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने शीर्ष नेतृत्व की सहमति से समर्पण निधि के



जिला संयोजक भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सेठिया एंव जिला सह संयोजकगण के रूप में भाजपा जिला मंत्री दिलीप सिंह तरनोद, पिछडा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजकुमार गौड़ इरली, अंत्योदय प्रकोष्ठ जिला संयोजक पुलकित पटवा मंदसौर को मनोनित किया है।

जिला मुख्यालय मंदसौर पर समर्पण दिवस आज 11 फरवरी 2024 को प्रात: 09 बजे दशपुर कुंज उद्यान स्थित श्रृद्धेय पं.दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा स्थल पर सैकड़ों पदाधिकारी एंव कार्यकर्ता की उपस्थिति में मनाया जायेगा। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्री निलेश जैन ने दी।।

# नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर बैठक आज

**मंदसौर, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मालवा मेवाड़ दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा आद्य जगतगुरू शंकराचार्य जयंती के पावन अवसर पर नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है जिसको लेकर आज 11 फरवरी रविवार को प्रात: 11 बजे श्री दत्तात्रेय भगवान मंदिर परिसर, मंदसौर में एक बैठक का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए दशनाम गोस्वामी समाज शहर अध्यक्ष शैलेन्द्रगिरी गोस्वामी ने बताया कि बैठक में नि: शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन को कैसे भव्य एवम सफल बनाया जाए इस पर सुझाव एवं विचार विमर्श होगा साथ ही सामूहिक विवाह हेतु वर वधु पंजीयन कराने हेतु विचार भी किया जाएगा। सामूहिक विवाह सम्मेलन में अधिक से अधिक जोड़ों का विवाह हा इस हेतु सम्मेलन के प्रचार प्रसार करने की योजना बनाई जाएगी। शैलेन्द्र गिरी गोस्वामी ने सभी समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में बैठक में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है।

# व्यंग्य-मोयले की शिकायत

**मंदसौर, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नेताजी अपने गले में पीला दुपट्टा डाल अपनी पत्नी को वासंती वेश में बाइक पर बैठा नगर की ओर एक विवाह



समारोह में चल दिये। रास्ते में मोयला के समूह ने उनका इस तरह स्वागत किया कि पूरे शरीर पर लिपटे ही नहीं बल्कि नाक की श्वास के जरिए उनके गले तक पहुंच गये उन्होंने उनकी पत्नी को सिर ढक लें इतना कहा कि मोयले ने ये अवसर भी नहीं छोड़ा सीधे मुंह में घुसकर उनकी बोलती बंद कर दी। यूं तो गांव के इन नेताजी की बोलती बंद रखने की ताकत किसी में नहीं वो जो कह दे वही पत्थर की लकीर समझना पड़ती, क्योंकि वे सीधे मुख्यमंत्री - प्रधानमंत्री से जुड़े होने की धौंस देते थे। बाइक को रोक जैसे ही उन्होंने वस्त्रों को झटकने के लिए दुपट्टा मारा कि सफेद झक्क वस्त्रों पर काले काले स्क्रेच बन गये मानो राष्ट्र-समाज भक्ति की कालिख हृदय- मन से निकल वस्त्रों पर प्रकट हो गई हो। ये स्क्रेच तो हमारे आम नेताओं की स्वहित मंशाओं के प्रतीक जो ठहरे इसमें बेचारा मोयला क्या करें।

नेताजी अपना रोब ले सीधे थाने पहुंचे और थानेदार को झाड़ते हुए कहा , ' पब्लिक मोयले से इतनी परेशान हो रही है तुम्हारा थाना सुरक्षा के लिए कोई कदम नहीं उठा रहा है। लोगों की रसोईयों में गिर रहा है सड़कों पर आने -जाने वाले लोग परेशान हो रहे हैं। ' एक सांस में नेताजी बहुत कुछ कह गये ।थानेदार ने उनको बैठाया और पानी का गिलास दिया ताकि वे शेष बची मानवता को भी उदरस्थ कर सकें व डकार भी न लें। थानेदार ने समझाते हुए कहा, ' मोयला ( चेंपा ) तो एक मुलायम कीट है वो तो राजगीरा, सरसों , रायड़ा, फूलों के गुच्छों, , कच्ची फलियों, उनकी पत्तियों की निचली सतह पर समूह में बैठ रस चूस चल पड़ता है। अभी इनकी कटाई हो रही है फिर खत्म ,इसका भी अपना समय होता है आप चिंता न करें। इसके समय मेंपीले वस्त्र व पीली साड़ी न पहनें ऐसा दुपट्टा गले में न डालें इसका ध्यान रखें। ' नेताजी अपने कपड़े झटक थाने से बाहर हो गये। उन्हें जाते देख एक कांस्टेबल मन ही मन बुदबुदा रहा था, ' पहचान वालों से नजरें बचबुचाकर शहर की होटलों - ढाबों पर हड्डियां की हड्डियां चूस लेता है और आया यहां मोयले की शिकायत करने , इसमें तो बेचारे में हड्डियां तक नहीं है। अरे मिठाईयों, पुड़ियों पर इलायची के दाने चिपके हुए समझ ही खाले क्या फर्क पड़ता है ये कोई नाना पाटेकर का वो मच्छर तो है नहीं जो एक आदमी को हिंजड़ा बना दे। '

**भगवती प्रसाद गेहलोत, पिपलियामंडी**



# नि:शुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कोर्स के प्रमाण पत्र वितरीत

**मनासा, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय आर वी महाविद्यालय मनासा में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना अंतर्गत ब्यूटीशियन अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 14 दिसम्बर 2023 से 16 जनवरी 2024 के मध्य रखा गया था जिसका समापन आज दिनांक 10 फ़रवरी 2024 शनिवार को किया गया। जिसमे महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एम एल धाकड़, सेडमैप विभाग जिला समन्वयक नीरज सिंग, श्रीमति मधु कुशवाह एव ट्रेनर ऋतु मेडम द्वारा 75 छात्राओं को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया कार्यक्रम का संचालन प्रो. पंकज चौहान एव प्रो सुशील मईडा द्वार किया गया जिसका उद्देश्य छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना था कार्यक्रम का आभार प्रो सुदेश कलम एव प्रो सुमित मेड़ा ने माना। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा !

# अभियोजन स्वीकृति से संबंधित मंत्रि परिषद समिति का पुनर्गठन

**मंदसौर, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** राज्य शासन द्वारा लोकायुक्त संगठन, आर्थिक उपराध प्रकोष्ठ एवं अन्य एजेंसियों में पंजीबद्ध प्रकरणों में अधिकारी/कर्मचारियों के विरूद्ध अभियोजन स्वीकृति देने संबंधी प्रकरणों में विधि एवं विधायी कार्य विभाग एवं प्रशासकीय विभाग के अभिमत में भिन्नता होने पर ऐसे प्रकरणों में विचार करने के लिये मंत्रि-परिषद समिति का पुनर्गठन किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इसके अध्यक्ष होंगे। उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम विभाग मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके सदस्य होंगे। मुख्य सचिव समिति के सचिव और अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग समिति के समन्वयक होंगे। उक्त समिति मुख्यमंत्री से संबद्ध सामान्य प्रशासन, गृह, जेल, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, जनसंपर्क, नर्मदा घाटी विकास, विमानन, खनिज साधन, लोक सेवा प्रबंधन, प्रवासी भारतीय विभाग के अलावा ऐसे विभाग जो किसी अन्य मंत्री को न सौंपे गये हो। इन विभागों के संबंध में समिति निर्णय लेगी।

# सुरक्षा सुपर वाईजर व सशस्त्र सुरक्षा कर्मियों की भर्ती हेतु आवेदन 20 तक जमा कराए

**मंदसौर, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** ग्रुप कैप्टेन संजय दीक्षित (से.नि.) जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी, गांधीसागर में सुरक्षा हेतु डीजीआर रेट पर सुपरवाइजर और सशस्त्र सुरक्षा कर्मियों की आवश्यकता है। सुपर वाईजर पद के लिए इच्छुक पूर्व जेसीओ और सशस्त्र सुरक्षा कर्मी के पद के लिए इच्छुक पूर्व सैनिक सेवा निवृत्ति पुस्तिका, पेंशन भुगतान आदेश, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा जारी भूतपूर्व सैनिक पहचान पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैक पासबुक, शस्त्र लाइसेंस, नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ (तीन) एवं नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण-पत्र ( सेवा निवृत्ति उपरांत जिस संस्था में पहले कार्यरत थे) के मूल दस्तावेज एवं तीन सेट फोटो कॉपी के 20 फरवरी 2024 तक जमा कराये। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय के फोन नं. 07422-299117 पर संपर्क कर सकते है।

# नरानिया कुटुम्ब सर्व विकास जन कल्याण संस्था के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

**मंदसौर, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कुटुम्ब सर्वविकास जन कल्याण संस्था



के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज राव मराठा ने अनिल नरानिया को संस्था के मध्यप्रदेश का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री मराठा ने अनिल नरानिया की नियुक्ति उनके सामाजिक कार्यों में रुर्चि/संगठन के प्रति उनकी निष्ठा/लगन कर्मठता के आधार पर की गई। श्री मराठा ने श्री नरानिया से आशा व्यक्त की है कि वे संगठन के समाज उत्थान/जनकल्याणकारी उद्देश्यों की पूर्ति एवं संगठन की मजबूती के लिये निष्ठा व लगन से कार्य करेंगे।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता सम्पन्न

**मंदसौर, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** राजीव गॉधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानन्द कैरियर गाइडेंस सेल के अंतर्गत दिनांक 10.02.2024 को कम्प्यूटर विभाग द्वारा पी.जी. तृतीय सेमेस्टर के नियमित विद्यार्थियों के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. एल.एन.शर्मा के सफल मार्गदर्षन एवं कम्प्यूटर संकाय के प्रमुख डॉ. आर.सी.डाड के कुषल नेतृत्व में किया गया, जिसमें पी.जी. तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमष: विक्रम रियार, षिवानी दानगड़ एवं यष कुमार डबकरा रहे। इस प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में विभाग के प्रो. नरेन्द्र बंधवार, प्रो. सी.पी. आडवाणी, प्रो. मनीष सोनी, प्रो. मनीष तिवारी, प्रो. गौरव सोनी, प्रो. उष्मिता सोनी, प्रो. पृथ्वीराज सिंह राठौड़, प्रो. रविन्द्र रामावत एवं श्री भीमसिंह चैहान का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से रवि को मिला 50 हजार रु का ऋण

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से रवि को मिला 50 हजार रु का ऋण

मंदसौर 10फरवरी 24/ विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मंदसौर जिले के निवासी श्री रवि प्रजापति को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत 50 हजार रूपये की राशि मिली। खेती एवं व्यवसाय को लाभ का धंधा बनाने हेतु सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओ के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है। श्री रवि प्रजापति को स्ट्रीट वेंडर योजना में अपना पंजीयन करवाकर प्रधानमंत्री पी.एम.स्वनिधि योजना का ऑनलाइन फॉर्म नगर पालिका के माध्यम से बैंक को प्रेषित किया। इन्हें 10,000 (दस हज़ार रूपये) का ऋण प्राप्त हो गया। जिसको उन्होंने किस्तों में चुका दिया।

# मंडला में आयुर्वेद कॉलेज और एक्सीलेंस कॉलेज शुरू होंगे-मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहनों को सिंगल क्लिक से किये 1576 करोड़ रूपये अंतरित



**मंदसौर/नीमच, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि मंडला अंचल के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी। जनजातीय बहुल मंडला में आ?ुर्वेद महाविद्यालय प्रारंभ किया जाएगा। एलोपैथी चिकित्सा पद्धति वाले मेडिकल कॉलेज के साथ ही जिले को आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति का भी लाभ मिले। कोविड के समय आयुर्वेद का महत्व देखने को मिला था, तब आयुर्वेद के काढे ने नागरिकों को महामारी से बचाने का काम किया था। जल्द ही मंडला में एक्सीलेंस कॉलेज भी प्रारंभ किया जाएगा। इसकी शीघ्र शुरूआत होगी और आगामी सत्र से विद्यार्थी लाभान्वित होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव आज मंडला के रानी दुर्गावती महाविद्यालय परिसर में हुए राज्य स्तरीय कार्यक्रम से प्रदेश की 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों को कुल 1576 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता राशि का अंतरण कर रहे थे। इसके साथ ही उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ ले रहे 56 लाख 61 हजार हितग्राहियों के खातों में 340 करोड़ रुपये की राशि का भी सिंगल क्लिक से अंतरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 134 करोड़ रुपये विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 12 पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों को भी प्रतीक स्वरूप लाभान्वित किया।

**जनजातीय बहुल मंडला जिले को कई सौगातें**–मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह भूमि वीरांगनाओं की भूमि है। रानी दुर्गावती ने अपने बलिदान से भारत का मान और सम्मान बढ़ाया। इसी तरह राष्ट्र के लिए जीवन का यहां रानी अवंती बाई ने भी बलिदान किया। नई शिक्षा नीति के माध्यम से ऐसी वीरांगनाओं के बलिदान से स्कूल, कॉलेजों के विद्यार्थियों को अवगत करवाने की पहल की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वीरांगनाओं के पराक्रम की जानकारी नई पीढ़ी के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचना चाहिए। आज रानी दुर्गावती की प्रतिमा का अनावरण यहां हुआ है। इसके पहले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 5 अक्टूबर 2023 को रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती पर उनके जीवन के विविध पहलुओं से परिचित करवाने वाले विशेष स्मारक के लिए जबलपुर में भूमिपूजन किया था। अब जन-जन को यह स्मारक रानी दुर्गावती के बलिदान के महत्व की जानकारी देने का महत्वपूर्ण केन्द्र बनेगा। इसकी लागत 100 करोड़ रूपए है।

**जनजातीय बहुल क्षेत्र को प्राथमिकता देने जबलपुर केबिनेट में हुए निर्णय**–मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस क्षेत्र में श्रीअन्न का उत्पादन होता है। इसके उत्पादकों को लाभान्वित करने के लिए राज्य शासन ने किसानों को 10 रूपए प्रति किलो (एक हजार रूपए प्रति क्विंटल) अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया। कोदो-कुटकी के उत्पादन को प्रोत्साहन देने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने जनजातीय बहुल क्षेत्र को प्राथमिकता देने और रानी दुर्गावती जैसी वीरांगनाओं के सम्मान में जबलपुर में मंत्री-परिषद की बैठक में निर्णय लिये गये।

**प्रधानमंत्री श्री मोदी जनजातीय विकास के लिए है संकल्पबद्ध**–मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में सभी क्षेत्रों में विकास हो रहा है। उन्होंने जन-धन योजना जैसी अभिनव योजना और अन्य कई उपयोगी योजनाओं से नागरिकों को लाभान्वित करने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी रविवार 11 फरवरी को मध्यप्रदेश के झाबुआ में जनजातीय वर्ग के भाई-बहनों से रू-ब-रू होंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी जनजातीय विकास के लिए संकल्पबद्ध हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक समय था जब नर्मदा जल के समुचित उपयोग की कोई योजना नहीं थी। गत दो दशक में मध्यप्रदेश और गुजरात द्वारा पेयजल, सिंचाई के लिए नर्मदा जल के सही उपयोग ने नागरिकों की जिन्दगी बदलने का कार्य किया है।

**भारतीय संस्कृति का महत्व प्रतिपादित करते हैं पर्व, शासन भी करेगा आयोजन**–मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य शासन ने भारतीय संस्कृति का महत्व प्रतिपादित करने वाले पर्वों-त्यौहारों के आयोजन पर जोर दिया है। इस क्रम में गत माह मकर संक्रांति पर्व पर विशेष सप्ताह मनाया गया था। इस सप्ताह में कई प्राचीन खेल आयोजित हुए, जिनमें कबड्डी खो-खो, दौड, पतंगबाजी आदि शामिल हैं। प्रत्येक पर्व से रिश्ता होना चाहिए। हमारे त्यौहारों को मनाने में आम-जन के साथ शासन की भागीदारी को सुनिश्चित किया जा रहा है।

**लाड़ली बहनों का दिन है आज**–मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज लाड़ली बहनों का दिन है। प्रतिमाह प्राप्त हो रही सहायता राशि से बहनों की गृहस्थी को आसान बनाया गया है। शासन सबकी बेहतरी के लिए है। आज जहाँ लाड़ली बहनों को राशि प्राप्त हुई है, वहीं कई तरह की पेंशन के हितग्राहियों को भी लाभ मिल रहा है। इसके साथ ही प्रदेश में बहनों को 450 रूपए प्रति हितग्राही गैस सिलेंडर की राशि दी गई है। बहनों को कुल 118 करोड़ रूपए की सब्सिडी दी जा चुकी है।

**रानी दुर्गावती की प्रतिमा का अनावरण**–मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम के प्रारंभ में मंडला में वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा का अनावरण किया। इसके पूर्व मंडला अंचल की जनजातीय वर्ग की बहनों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का जनजातीय चित्रकला की तस्वीरें भेंट कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा कन्या पूजन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया और कन्याओं को उपहार भी दिये। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि रानी दुर्गावती की प्रतिमा के अनावरण से इस अंचल में जन-जन प्रसन्न है। जनभावनाओं का सम्मान हुआ है। यह रानी दुर्गावती के पराक्रम का ही उदाहरण था कि वे दोनों हाथों से तलवारें लेकर बाहरी आक्रमणकारियों से युद्ध करती रहीं। सुश्री उइके ने कहा कि मध्यप्रदेश में महिलाओं के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण कार्य हो रहा है। कार्यक्रम में जिले के विधायकों सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मंडला से मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के मुख्य अतिथि में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का नीमच जिले में सभी ग्राम, वार्ड एवं पंचायत स्तर पर सीधा प्रसारण किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम को देखा व सुना। नीमच कलेक्ट्रेट के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में भी मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत राशि अंतरण के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। कलेक्टर श्री दिनेश जैन, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री ताराचंद मेहरा एवं बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा व मुख्यमंत्री जी के संबोधन को सुना।

## सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के संबंध में दी जा रही जानकारी भ्रामक एवं असत्य

**मंदसौर, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री पीसी चौहान ने बताया कि सोशल मिडिया पर मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के संबंध में माता या पिता दोनो में से किसी एक की मृत्यु पर योजना से लाभांवित किये जाने हेतु भ्रामक जानकारी प्रसारित की जा रही है, जो कि पूर्णत: असत्य है। श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना में निम्न शर्तों के अंतर्गत पात्रता की श्रेणी में वे बच्चे सम्मिलित हैं जो मध्यप्रदेश के स्थानीय निवासी हो एवं 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे जिनके माता-पिता दोनो की मृत्यु हो चुकी है और वे रिश्तेदार अथवा संरक्षक की देखरेख में रह रहे हों।

उक्त योजना में आवेदन करने हेतु हितग्राही को अपने क्षेत्र की आंगनवाडी कार्यकर्ता से संपर्क कर क्षेत्रीय परियोजना कार्यालय महिला एवं बाल विकास परियोजना में जाकर आवेदन पत्र साथ मुलभूत दस्तावेज (माता-पिता दोनों का मृत्यु प्रमाण पत्र, बालक का जन्म प्रमाण पत्र/अंकसूची, संरक्षक का आधार कार्ड एवं आय प्रमाण पत्र) संलग्न करना अनिवार्य है। योजना अंतर्गत पात्र पाये गये प्रत्येक बच्चे को 4 हजार रुपए प्रतिमाह की राशि प्रदाय की जाएगी।





## सीएम राइज विद्यालय में हुआ एफएलएन मेले का आयोजन

**मंदसौर, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सीएम. राइज विद्यालय गुर्जरबर्डिया में एफएलएन मैले का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 1 व 2 में पढने वाले विद्यार्थीयों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, इस मैले में बच्चों की माताओं के लिए भी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

विद्यालय के प्राचार्य श्री राजेश कुमार मिश्रा, मा.वि. प्रभारी श्री दशरथलाल पाटीदार एवं प्रा. वि. प्रभारी श्री मनीष बैरागी के नेतृत्व में मेले का आयोजन हुआ। स्कूल शिक्षा विभाग की मंशा को मूर्तरूप देने के लिए इस एफएलएन मेले का आयोजन धूमधाम से किया गया। मेले की शुरुआत, बच्चों के पंजीयन से हुई जिसमें शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, भाषा विकास, गणित की पूर्व तैयारी एवं बच्चों का कोना आदि गतिविधियाँ करवाई गई। मैले में बच्चों के लिए 7 काउंटर बनाए गए जैसे नामांकन काउंटर, शारीरिक विकास काउंटर, बौद्धिक विकास काउंटर, भाषा विकास काउंटर, गणित की पूर्व तैयारी काउंटर, बच्चों का कोना काउंटर बनाए गए जिनकी जिम्मेदारी श्रीमती गायत्री मांगरिया सुश्री श्वेता खलदकर एवं अन्य शिक्षकों को दी गई। अभिभावकों ने काउंटर संख्या-1 पर अपने बच्चों का नामांकन कराया। बच्चों की शारीरिक, बौद्धिक एवं अन्य स्तरों की अलग-अलग काउंटर पर जांच हुई। जांच के आधार पर छात्रों को रिपोर्ट कार्ड सौंपे गए। मेले के माध्यम से छात्रों के शारीरिक, बौद्धिक एवं अन्य स्तरों के विकास को लेकर अलग-अलग क्रियाकलाप आयोजित किए गए, जिनके माध्यम से बच्चों को समसामयिक जानकारियों से अवगत कराया गया। मेले में बच्चों की गतिविधियों के साथ-साथ माताओं के लिए भी चेयर रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रथम स्थान पर श्रीमती ललिता बाई एवं द्वितीय स्थान पर श्रीमती विद्या आई उन्हें पुरस्कृत किया गया। इस मेले मे जनशिक्षक श्री परमानन्द सुनार्थी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम उपरांत अभिभावकों व शिक्षकों की एक संक्षिप्त बैठक भी आयोजित की गई जिसमें छात्रों के उत्तरोत्तर विकास को पालकों के सामने प्रदर्शित किया गया।

## नरसिंहघाट नाले के अतिक्रमण मामले में लोकोपयोगी सेवा की लोक अदालत में हुई सुनवाई, अगली सुनवाई 23 मार्च को

**मंदसौर, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नरसिंहघाट नाले पर अवैध अतिक्रमण कर सड़क व बगीचा निर्माण करने तथा नाले को बंद कर उस पर कॉलोनी निर्माण करने के मामले में मन्दसौर में लोकोपयोगी सेवा की लोक अदालत के न्यायाधीश श्री हर्षसिंह बहरावत के समक्ष 10 फरवरी शनिवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान विपक्षी पक्षकारगण कलेक्टर मन्दसौर की ओर से तहसीलदार मन्दसौर, उप संचालक



नगर एवम ग्राम निवेश नीमच, कोलोनाइजर अमित अग्रवाल उपस्थित हुए है। शेष विपक्षीगण सी एम ओ नगर पालिका मन्दसौर, संजय सिंहल कॉलोनाइजर की उपस्थिति हेतु व जवाब हेतु अगली सुनवाई 23 मार्च को होगी। गौरतलब है इस मामले में भागवत नगर विकास एवं सेवा समिति अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ राघवेन्द्रसिंह तोमर व पूर्व पार्षद विजय कुमार शर्मा ने विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 अध्याय -6-ए के तहत एक याचिका/प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है।

मामले में याचिकाकर्तागण के अभिभाषक श्री पुखराज दशौरा व नीता होतावानी ने बताया कि शेष विपक्षीगण की उपस्थिति व जवाब आने पर आगे की कार्यवाही माननीय न्यायालय द्वारा की जाना है। हमारी ओर से मामले से संबंधित दस्तावेज आदि माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किए जाकर न्याय की गुहार लगाई गई है व वर्षों पुराने नाले के संरक्षण हेतु निवेदन किया गया है।

## गांव चलो अभियान के तहत जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी पंहुचे बूथों पर



**मंदसौर, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एंव भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के नेतृत्व में संगठन कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम प्रदेश द्वारा चलाया जा रहा गांव चलो अभियान के अंतर्गत भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया के नेतृत्व में मंदसौर जिले के समस्त 1133 बूथों पर 09, 10, 11 फरवरी को वृहद अभियान अंतर्गत विस्तारक बूथों पर जाकर आवश्यक करणीय कार्यो को संपादित कर रहे है। अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए अभियान के जिला प्रभारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवराज सिंह राणा ने बताया कि इस अभियान में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा मल्हारगढ विधानसभा के कचनारा ग्राम के बूथ क्रमांक 15, किसान मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर मंदसौर विधानसभा के आकोदड़ा बूथ क्रमांक 233, लोकसभा संयोजक देवीलाल धाकड़ भानपुरा मंडल के कंवला बूथ क्रमांक 83, भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया दलौदा मंडल के बूथ क्रमांक 257, गरोठ विधायक चंदरसिंह सिसौदिया गरोठ नगर के बूथ क्रमांक 210, पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया मंदसौर ग्रामीण मंडल के अमलावद ग्राम के बूथ क्रमांक 185, भाजपा जिला महामंत्री गणपतसिंह आंजना दलौदा मंडल के निम्बोद बूथ क्रमांक 242, भाजपा जिला महामंत्री राजेश दीक्षित मल्हारगढ मंडल के बूथ क्रमांक 34 नारायणगढ़, पिछडा मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार मंदसौर उत्तर मंडल के वार्ड क्रमांक 12, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सुराना दलौदा मंडल के नगरी, अभियान जिला संयोजक शिवराजसिंह राणा, अजय तिवारी प्रेमपुरीया, राजेश सेठिया कुरलासी, राजेश चौधरी बामनिया, निहालचंद मालवीय भालोट, शांतीलाल मालवीय मोहम्मदपूरा बूथ पर पंहुचे और एक प्रवासी विस्तार की भूमिका का निर्वाह करते हुए बूथ पर संपादित होने वाले आवश्यक करनीय कार्यों को संपन्न कराया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

### मुख्यमंत्री लाड़ली बहन योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री डा. यादव ने...

## 2 लाख लाड़ली बहनों को 32 करोड़ रुपए का हितलाभ प्रदान किया



**मंदसौर, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेश की लाडली बहनों के साथ मंदसौर जिले की 2 लाख 67 हजार 584 लाडली बहनों को 32 करोड़ 44 लाख रुपए की राशि का सिंगल क्लिक से वितरण किया। प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम जिला मंडला में किया गया। जिसका लाइव प्रसारण जिले के एनआईसी कक्ष में देखा और सुना गया। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के साथ ही सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अंतर्गत चलाई जा रही योजनाओं में 1 लाख 17 हजार 221 हितग्राहियों को 7 करोड़ 3 लाख रुपए की पेंशन का वित्तीय लाभ प्रदान किया गया। पेंशन का लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय नि:शक्त पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, कन्या अभिभावक पेंशन योजना, दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन सहायता राशि, मुख्यमंत्री अविवाहिता पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा कल्याणी पेंशन योजना, मंदबुद्धि/ बहुविकलांग को आर्थिक सहायता, वृद्धाश्रम में निवासरत अंत: वासियो को पेंशन, सामाजिक सुरक्षा नि:शक्त पेंशन योजना -नि:शक्त जन, सामाजिक सुरक्षा परित्यक्ता पेंशन योजना, सामाजिक सुरक्षा वृद्धावस्था पेंशन योजना में लाभ प्रदान किया गया।

### विधायक जैन को गौरव दिवस के कार्यक्रम में नहीं बुलाने पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष की...

## शिकायत पर शासन ने कलेक्टर से प्रतिवेदन मांगा

**मंदसौर, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर गौरव दिवस के आयोजन में नवनिर्वाचित विधायक माननीय श्री विपिन जैन को आमंत्रित नहीं किए जाने पर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्र सिंह तोमर ने मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन भोपाल को एक पत्र लिखा था तथा कार्रवाई की मांग की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य सचिव ने इस मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए जिस पर श्री दिलीप कुमार कापसे उपसचिव मध्य प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल ने एक पत्र जिसका क्रमांक 3895/1761040/2023/1/4 भोपाल दिनांक 26/12/2023 है, कलेक्टर मन्दसौर को भेजकर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेन्द्र सिंह तोमर की शिकायत पर जांच प्रतिवेदन मांगा है। इस आशय की सूचना देते हुए पत्र की एक प्रति शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेन्द्र सिंह तोमर को 10 फरवरी को दोपहर डाक से प्राप्त हुआ है।

यह जानकारी देते हुए शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ तोमर ने बताया कि शासकीय आयोजनों में स्थानीय विधायक को बतौर अतिथि बुलाना प्रोटोकाल में आता है लेकिन गौरव दिवस पर राजनीति के चलते माननीय विधायक जी को कार्यक्रम में नहीं बुलाया गया था जिसकी शिकायत की गई थी।


**** नाम परिवर्तन ****

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं होज़ेफा चौमेलावाला ने अपना नाम परिवर्तन कर होज़ेफा चोमेला वाला पिता अली असगर चोमेला वाला कर लिया है। भविष्य में मुझे अपने नए नाम होज़ेफा चोमेला वाला पिता अली असगर चोमेला वाला के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

पता : मकान -69, वार्ड-28 बोहरा बाखल मंदसौर (मप्र) 458002

**** नाम परिवर्तन ****

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सकीना चौमेला वाला ने अपना नाम परिवर्तन कर सकीना चोमेला वाला पति होज़ेफा चोमेला वाला कर लिया है। भविष्य में मुझे अपने नए नाम सकीना चोमेला वाला पति होज़ेफा चोमेला वाला के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

पता : 79, बोहरा बाखल गली मंदसौर (मप्र) 458002

**** नाम परिवर्तन ****

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रुक़य्या पिता असगर अली ने अपना नाम परिवर्तन कर रुकैया चोमेला वाला पिता असगर अली कर लिया है। भविष्य में मुझे अपने नए नाम रुकैया चोमेला वाला पिता असगर अली के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

पता : मकान -69, वार्ड-28 बोहरा बाखल मंदसौर (मप्र) 458002

**** नाम परिवर्तन ****

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं होज़ेफा चोमेला वाला ने अपनी नाबालिग पुत्री बतूल चौमेला वाला का नाम परिवर्तन कर बतूल चोमेला वाला पिता होज़ेफा चोमेला वाला कर लिया है। भविष्य में उसे अपने नए नाम बतूल चोमेला वाला पिता होज़ेफा चोमेला वाला के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

पता : 79, बोहरा बाखल मंदसौर (मप्र) 458001


# मोहन सरकार कल लेखानुदान प्रस्तुत करेगी

**भोपाल, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मोहन सरकार सोमवार को विधानसभा में वर्ष 2024-25 के लिए लेखानुदान प्रस्तुत करेगी। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का भाषण होगा, जिसमें वे लेखानुदान में किए जा रहे प्रावधानों के बारे में सदन को जानकारी देंगे। सभी सदस्यों को इसकी जानकारी पेन ड्राइव में उपलब्ध कराई जाएगी। नए सदस्यों को टेबलेट जुलाई में प्रस्तावित मानूसन सत्र के पहले दिए जाएंगे। सरकार ने पिछले वर्ष से बजट डिजिटल माध्यम से प्रस्तुत करना प्रारंभ किया है। इसके लिए सभी सदस्यों को टेबलेट दिए गए थे। लेखानुदान एक लाख करोड़ रुपये का हो सकता है। वित्त विभाग के सूत्रों का कहना है कि लेखानुदान में कोई नई घोषणा नहीं होगी। सरकार जो योजना घोषित कर चुकी है, उसके लिए बजट का प्रावधान किया जाएगा।

**प्रधानमंत्री आवास की तर्ज पर आवास स्वीकृत होंगे**–भारत सरकार ने अंतरिम बजट में जो नए कार्यक्रम प्रस्तावित किए हैं, उनके लिए भी प्रावधान रखा जाएगा। प्रधानमंत्री जनमन योजना के लिए नई मद खोली जाएगी। इसमें अनुसूचित जनजाति बहुल इलाकों में विकास कार्य कराए जाएंगे। बैगा, भारिया और सहरिया परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास की तर्ज पर आवास स्वीकृत होंगे। आवास निर्माण के लिए दो लाख रुपये किस्तों में दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री आवास के लक्ष्य में भी वृद्धि होगी। केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के लिए प्रावधान किया जाएगा तो एकीकृत पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना के लिए भी राशि रखी जा सकती है। प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज, कर्मचारियों के महंगाई भत्ते, वेतन और पारिश्रमिक में वृद्धि, सिंचाई और अधोसंरचना विकास से जुड़ी परियोजनाओं के लिए प्रावधान किया जाएगा।

**आर्थिक सर्वेक्षण जुलाई में होगा प्रस्तुत**–बजट के पहले प्रस्तुत किया जाने वाला आर्थिक सर्वेक्षण इस बार जुलाई में प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें प्रदेश की विकास दर, औद्योगिक, कृषि विकास दर, प्रति व्यक्ति आय, खनिज, खाद्यान्न उत्पादन की स्थिति सहित अन्य जानकारियां विधानसभा के सामने रखी जाएंगी। विधानसभा के मानूसन सत्र में मोहन सरकार वर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण बजट प्रस्तुत करेगी। इसमें विभागवार बजट पर चर्चा भी होगी। इसके पहले विभागवार प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किए जाएंगे।


**कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)**

क्रमांक क्यू मंदसौर, दिनांक 09.02.2024

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन क्रमांक एमपी 14 सीसी 2850 जो कि परिवहन कार्यालय मंदसौर में दिनेशचंद दहिया पिता रमेशचंद्रजी निवासी महावीर कालोनी, गीताभवन रोड, मंदसौर व जिला मंदसौर के नाम से पंजीकृत है।

यह सूचित किया जाता है कि वाहन स्वामी की मृत्यु हो चुकी है इसलिए उक्त वाहन का अंतरण अपने नाम से करने हेतु उनकी पत्नी श्रीमती उषा दहिया पति दिनेशचंद्र दहिया निवासी महावीर कालोनी, गीताभवन रोड, मंदसौर व जिला मंदसौर ने इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। अंतरण आवेदक के नाम पर कर दिया जावेगा।

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**



स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356


समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।


फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in